RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161597


# संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com | editorial@sancharjagat.com


'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 253 | जयपुर, सोमवार, 12 अक्टूबर , 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठः 4

## द्वितीयं ब्रह्म चारिणी



**दधाना कर मद्माभ्याम अक्षमाला कमण्डलू।**

देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥ ब्रह्मचारिणी मां दुर्गा का दूसरा रूप और शक्ति हैं, जिनका अर्थ है तप का आचरण करने वाली। नवरात्र के दूसरे दिन इनकी पूजा की जाती है। हिमालय की पुत्री मां पार्वती ने शिव को पाने के लिए कठिन तपस्या की थी, जिसके कारण उन्हें यह नाम मिला। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमण्डल रहता है। इनकी पूजा से संयम, त्याग, ज्ञान और विजय की प्राप्ति होती है।

## पीएम मोदी ने जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में शामिल नानाजी देशमुख की जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने लोगों को यह विश्वास दिलाया कि सार्वजनिक जीवन के जरिए देश में बदलाव लाया जा सकता है और उन्होंने अपने विचारों एवं कार्यों से दिखाया कि वास्तविक परिवर्तन की शुरुआत जमीनी स्तर से होती है। मोदी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देते हुए आपातकाल के दौरान उनके निर्भीक रुख का भी उल्लेख किया।

### चेन्नई में पीएम मोदी ने विजय के साथ 13,000 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

# देश का विकास ही मेरा मूल मंत्र : पीएम मोदी

**नई दिल्ली/संचार जगत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्होंने विकास को अपना मंत्र माना है और तमिलनाडु के लोगों की सेवा करने तथा मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के साथ मिलकर राज्य की प्रगति सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 12 वर्ष में अलग-अलग क्षेत्रों में हुई तेजी से प्रगति का जिक्र किया, जिसमें रक्षा निर्यात में हुई अत्यधिक बढ़ोतरी भी शामिल है। विजय के साथ मिलकर लगभग 13,000 करोड़ रुपये की लागत वाली रेलवे, सड़क और पेट्रोलियम से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें लगभग 3,700 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं, चेन्नई बंदरगाह, कामराजर बंदरगाह और वी. ओ. चिदंबरनार बंदरगाह से जुड़ी पहल तथा अमृत रेलवे स्टेशन शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर (एसजीबीसी) भी राष्ट्र को समर्पित किया।

**12 साल की तेज प्रगति गिनाई, रक्षा निर्यात में भारी बढ़ोतरी का जिक्र**

एसजीबीसी एक अग्रणी वैश्विक वैज्ञानिक पहल है, जिसके तहत भ्रूण अवस्था से लेकर वृद्धावस्था तक मानव जीवन के विभिन्न चरणों में 100 से अधिक मानव मस्तिष्कों के कोशिकीय स्तर पर त्रि-आयामी एटलस तैयार किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने सी-स्ट्रोक नामक इस्केमिक स्ट्रोक का एक विशिष्ट एटलस भी जारी किया। इसमें स्ट्रोक से प्रभावित मस्तिष्क के सूक्ष्म स्तर पर लिए गए 1,000 से अधिक चिह्नित चित्र शामिल हैं। इससे दुनियाभर के शोधकर्ताओं को उपचार के नए लक्ष्य पहचानने में मदद मिलेगी। मोदी ने लगभग 4,900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के पूनमल्ली-वडपलानी खंड का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विजय ने संयुक्त रूप से मेट्रो की नई सेवाओं को हरी झंडी दिखाई और मेट्रो ट्रेन में यात्रा भी की। मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के कॉरिडोर चार के अंतर्गत आती हैं। उद्घाटन किए गए खंड में 15 किलोमीटर की दूरी में कुल 11 एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन हैं।



## पीएम मोदी ने चेन्नई में किया रोड शो

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के लिए रविवार को चेन्नई पहुंचे। प्रधानमंत्री पूर्वाह्न करीब 11 बजे हवाई अड्डे पहुंचे, जहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद थे। मोदी ने हवाई अड्डे के पास कुछ देर रोड शो किया और स्वागत के लिए अवरोधकों के पीछे कतार में खड़े भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

## प्रधानमंत्री ने सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर का किया दौरा

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास परिसर स्थित सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर का दौरा किया और विशेषज्ञों से इस संस्थान के कामकाज एवं अनुसंधान के बारे में जानकारी ली। चेन्नई मेट्रो रेल के दूसरे चरण के तहत लगभग 4,900 करोड़ रुपये की लागत से बनी येलो लाइन के उद्घाटन और आईआईटी-मद्रास परिसर स्थित मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद प्रधानमंत्री इस केंद्र पहुंचे। संस्थान के अनुसार, आईआईटी मद्रास द्वारा 2022 में शुरू किए गए सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर का उद्देश्य मस्तिष्क की कोशिकाओं और उनके बीच के संपर्कों के स्तर पर मानव मस्तिष्क का मानचित्र तैयार करने की एक महत्वाकांक्षी वैश्विक परियोजना को गति देना है। यह अत्याधुनिक संस्थान विश्व प्रसिद्ध अनुसंधान केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है, जो मानव मस्तिष्क से जुड़े अभूतपूर्व डेटा, वैज्ञानिक निष्कर्ष और तकनीकी उपकरण तैयार करेगा। इस दौरान तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय भी प्रधानमंत्री के साथ मौजूद रहे।

**विशेषज्ञों से अनुसंधान के बारे में ली जानकारी**



## मोदी ने चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के तहत लगभग 4,900 करोड़ रुपये की लागत से बने पूनामल्ली-वडापलानी खंड का उद्घाटन किया और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के साथ मेट्रो ट्रेन में सवारी की। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विजय ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की मौजूदगी में नई मेट्रो सेवाओं को हरी झंडी दिखाई और ट्रेन में सफर किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने टिकट खरीदा और टिकट काउंटर पर तैनात कर्मचारी से संक्षिप्त बातचीत भी की। ये नई मेट्रो सेवाएं मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के कॉरिडोर-चार के तहत संचालित होंगी। लगभग 15 किलोमीटर के नवनिर्मित खंड में कुल 11 एलिवेटेड स्टेशन हैं। इस नए कॉरिडोर पर 3.7 किलोमीटर लंबा एक अनोखा डबल-डेकर ढांचा तैयार किया गया है। इसमें चालक के बिना मेट्रो ट्रेनें चलाने के लिए आधुनिक सिग्नल प्रणाली भी लगाई गई है। इस नए कॉरिडोर के शुरू होने से यात्रियों के सफर का समय कम होगा और तेजी से विकसित हो रहे पश्चिमी उपनगरों से चेन्नई के मुख्य हिस्से में आना-जाना आसान होगा।

**पीएमी मोदी ने मुख्यमंत्री विजय संग मेट्रो में किया सफर**

## केजरीवाल के खिलाफ DSGMC ने की शिकायत

**नई दिल्ली, आरएनएन।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने विरोध प्रदर्शन के दौरान गुरुद्वारा बंगला साहिब परिसर में हुई घटना को लेकर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और आप विधायकों और अन्य लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कमेटी की ओर से दिल्ली पुलिस कमिश्नर के नाम पत्र लिखकर कहा, हम गुरुद्वारा बंगला साहिब के परिसर में हुई एक गंभीर घटना को लेकर शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं। आप से जुड़े कार्यकर्ता एक साथ गुरुदारा में घुसे और फिर परिसर के अंदर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बीजेपी के प्रदेश मुख्यालय में पंचायती राज चुनाव के लिए ग्राम विकास संकल्प पत्र का विमोचन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित सेवा संकल्प सभागार का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया, प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, प्रदेश सह प्रभारी श्री कुलदीप सिंह चहल, कविता पाटीदार सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अजय राय और ममता चौधरी के समर्थकों के बीच हुआ विवाद

# लखनऊ के कांग्रेस दफ्तर में दो गुटों के बीच चले जूते-चप्पल और लात-घूंसे

लखनऊ के कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में रविवार को बड़ा हंगामा देखने को मिला। उत्तर प्रदेश कांग्रेस की नई अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के पदभार ग्रहण करने से पहले ही पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। यह झड़प पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समर्थकों और महिला मोर्चा की अध्यक्ष ममता चौधरी के समर्थकों के बीच हुई। दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में जूते-चप्पल और लात-घूंसे तक चल गए।


**नई दिल्ली**

लखनऊ में कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और ममता चौधरी के समर्थकों के बीच हंगामा हो गया। दोनों गुटों के बीच विवाद के दौरान जमकर विरोध हुआ। बता दें कि आज यूपी कांग्रेस की नई प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा और कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद के पदभार ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान अजय राय के कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर ममता चौधरी की तरफ से अजय राय को लेकर अपशब्दों के इस्तेमाल किए जाने का आरोप है।

इसके बाद अजय राय के समर्थकों ने ममता चौधरी के खिलाफ जमकर हंगामा किया। समर्थकों ने हाथों में जूते लेकर विरोध जताया। मामले को लेकर अजय राय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना और कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद से शिकायत की। अजय राय ने कहा कि ऐसे लोग पार्टी की छवि को खराब कर रहे हैं और ऐसे लोग पार्टी में रहेंगे तो पार्टी का माहौल खराब होगा। उन्होंने ममता चौधरी को पार्टी से बाहर करने की मांग की है। अजय राय को मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद भीड़ को देखते हुए अजय राय के समर्थकों ने कहा कि अध्यक्ष जी निकलेंगे, रास्ता दे दीजिए। इस पर ममता चौधरी की तरफ से पूछा गया, कौन अध्यक्ष? इसके बाद दोनों गुटों के बीच विवाद बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद के बाद अजय राय और ममता चौधरी के समर्थकों के बीच झगड़ा और मारपीट हुई। इस दौरान जूते-चप्पल फेंके जाने की भी बात सामने आई है। पूरे घटनाक्रम के बाद अजय राय ने मामले की शिकायत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से की और ममता चौधरी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



## ध्रुव राठी बोले, हिरासत में नहीं लिया, अपहरण किया गया



**नई दिल्ली, आरएनएन।** यूट्यूबर ध्रुव राठी ने रविवार को दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राठी ने बताया कि सादे कपड़ों में कुछ लोगों ने उनका अपहरण कर लिया था। मुझे एक अपराधी की तरह घर से घसीट कर बाहर निकाला गया।

ध्रुव राठी ने वीडियो जारी कर कहा कि 10 अक्टूबर की सुबह सात बजे मैं अपने बेडरूम में सो रहा था और मेरी मम्मी ने दरवाजा खोला तो सादा कपड़ों में लोग घूम रहे थे। एक दम से 20 लोग उन्हें धक्का मारकर घर में घूसते हैं और वो चीखती हैं, एकदम से ये सीधा घर के अंदर आते हैं और सीधा घर के अंदर फैल जाते हैं। जैसे ही मेरे बेडरूम का दरवाजा खुला तो मैं देखता हूं कि एकदम से इतने सारे लोग कैसे आ गए। इससे पहले की मैं कुछ रिएक्ट कर पाता तो ये लोग मुझे किडनैप करके ले जाते हैं। ध्रुव राठी ने आगे दावा किया, ये कोई हिरासत या गिरफ्तारी नहीं है, हिरासत तो तब होती जब मैं प्रदर्शन में जाता।

## महाराष्ट्र में प्रेमी ने प्रेमिका को गहरी खाई में धक्का देकर मार डाला

**कोल्हापुर, आरएनएन।** महाराष्ट्र के पुणे से बीते महीनों एक दर्दनाक कहानी सामने आई थी। जहां प्रेमिका सिया ने अपने मंगेतर केतन अग्रवाल को लोहागढ़ किला से धक्का देकर मार डाला था। ऐसा ही एक मामला अब कोल्हापुर जिले से आया है। यहां एक प्रेमी ने 23 वर्षीय प्रेमिका को गहरी खाई में धक्का देकर मार डाला। जानकारी के मुताबिक प्रेमिका की शादी तय होने के बाद युवक ने उसे नाईकवाडी के पास एक गहरी खाई में धकेल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने युवती के लापता होने की बात कहकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस की पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। आरोपी की पहचान श्रीपाद दिनकर वडू के रूप में हुई है। जबकि मृतका का नाम तरन्नुम बशीर नाईक था।



## सऊदी अरब के रियाद एयरपोर्ट हमले में एक भारतीय की मौत

**नई दिल्ली**

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को हुए हूती के हमले में घायल हुए एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। इस हमले में 10 से अधिक भारतीय भी घायल हैं। रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिक के मौत की पुष्टि की है, लेकिन पहचान सार्वजनिक नहीं की है। दूतावास ने कहा है कि मृतक भारतीय के शव स्वदेश भेजने की कोशिश जारी है।

रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि 10 अक्टूबर को रियाद हवाईअड्डे पर हुए हमले के संबंध में नया अपडेट है। रियाद हमले में घायल भारतीय नागरिक की रविवार को दुर्भाग्य से जान चली गई। हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

हम परिवार के संपर्क में हैं और पार्थिव शरीर की शीघ्र स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने हरसंभव मदद प्रदान करेंगे। इससे पहले दूतावास ने एक्स पर लिखा कि रियाद में भारतीय दूतावास, शनिवार को रियाद एयरपोर्ट पर हुए कायराना हमले पर नजर रखे हुए है, जिसमें दुर्भाग्य से 13 लोगों की मौत हो गई और 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

**10 से अधिक भारतीय घायल**

## महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं को आत्मसात करें, समाज का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदानः देवनानी

**अजमेर/जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।

उनके विचारों पर चलकर हम समाज को अपना सर्वोत्तम योगदान दे सकते हैं। अग्रवाल समाज का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने रविवार को अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के उत्थान और समरसता के प्रतीक महाराजा अग्रसेन के जीवन एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की बात कही। वधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को परस्पर सहयोग और सद्भाव की भावना को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके जीवन मूल्य आज के समाज में भी उतने ही प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए।

हमें उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर समाज के उत्थान और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। देवनानी ने अग्रवाल समाज की प्रचुर व्यावसायिक परंपरा, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और परोपकारी स्वभाव की सराहना की।

उन्होंने कहा कि समाज के व्यापारियों और प्रबुद्धजनों ने देश की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करने के और संस्कारों से जुड़े रहते हुए आधुनिकता को अपनाएं और समाज तथा राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

▶ दिल्ली में सीजेपी के प्रदर्शन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई विशेष सुनवाई

# गृह सचिव को नोटिस, प्रदर्शनकारियों को हिरासत में न लेने और इंटरनेट व मेट्रो बंद न करने के निर्देश

## सुप्रीम कोर्ट ने आदेश के कथित उल्लंघन पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजा, दिल्ली में बैरिकेडिंग की समीक्षा करने का निर्देश दिया, इस मामले पर अगली सुनवाई मंगलवार को

**नई दिल्ली/संचार जगत**

दिल्ली में 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर के पास प्रदर्शन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को विशेष सुनवाई की। कोर्ट ने 9 अक्टूबर के अपने आदेश के उल्लंघन के आरोपों पर संबंधित गृह सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उनसे पूछा गया है कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। कोर्ट ने अधिकारियों से हलफनामा दाखिल कर जवाब देने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

सुनवाई के दौरान वकीलों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया। कुछ वकीलों के साथ मारपीट भी की गई। मेट्रो सेवाएं बंद करने, इंटरनेट पर रोक लगाने और लोगों की आवाजाही बाधित करने का मुद्दा भी उठा। कोर्ट ने साफ किया कि कानून के मुताबिक कार्रवाई के अलावा किसी को हिरासत में नहीं लिया जा सकता। उसने मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट की सुविधा बाधित नहीं करने और शहर में बैरिकेडिंग की समीक्षा करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश का पालन नहीं करने के आरोपों पर गृह मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। (शेष पेज 8 पर)



### दूसरे दिन भी प्रदर्शन, 100 हिरासत में

**दिल्ली में** भारी सुरक्षा के बीच रविवार को कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए जंतर-मंतर की ओर मार्च किया, जिसके बाद 100 से ज़्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया गया। कई लोगों को पुलिस की बसों में ज़बरदस्ती ले जाते हुए भी देखा गया। राजधानी के अलग-अलग हिस्सों से जंतर-मंतर की ओर मार्च करने की कोशिश करते समय सीजेपी समर्थकों के साथ-साथ कई छात्र संगठनों - जैसे स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एसएफआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) और क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) के सदस्यों को भी हिरासत में लिया गया। सीजेपी का कहना है कि जब तक सीईसी ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

### 20 से ज्यादा एफआईआर दर्ज, 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल

**दिल्ली पुलिस** ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में 20 एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस अफसरों ने बताया कि इन मामलों में कमला मार्केट थाने में दर्ज एक एफआईआर भी शामिल है। इस एफआईआर में हिंदू रक्षा दल से जुड़े होने का दावा करने वाले चार लोगों को विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों के साथ मारपीट और महिलाओं के साथ बदसलूकी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि इन एफआईआर में पुलिसकर्मियों पर हमला करने और सरकारी कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा पहुंचाने सहित कई अन्य आरोप लगाए गए हैं। प्रदर्शन के दौरान पथराव की कई घटनाएं सामने आईं, जिनमें 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल भी शामिल हैं।

### दीपके बोले, फिर सड़कों पर उतरेंगे

**अभिजीत, सौरव दास और आशुतोष हुए रिहा**

**अभिजीत** दीपके ने प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बॉन्ड साइन नहीं किया है, जिसमें प्रदर्शन नहीं करने की बात कही गई हो। दीपके ने कहा कि वे एक बार फिर सड़कों पर उतरेंगे। रविवार सुबह अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को रविवार को दिल्ली कैंट स्थित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किए जाने के बाद रिहा कर दिया गया। शांति और अच्छे व्यवहार को बनाए रखने के लिए 50,000 रुपये का जमानती बॉन्ड भी जमा कराया गया है। सीजेपी के लीगल मामलों की हेड रत्ना सिंह के मुताबिक, तीनों नेताओं को इस शर्त पर रिहा किया गया कि वे एक साल तक शांति भंग नहीं करेंगे। वहीं, कोर्ट से रिहाई के बाद पुलिसकर्मियों ने दीपके से पूछा था कि क्या उन्हें घर जाने के लिए फ्लाइट या बस की व्यवस्था में मदद चाहिए।

## डीआरआई ने 11.50 करोड़ का सोना जब्त किया

**नई दिल्ली, आरएनएन।** डीआरआई ने बांग्लादेश से सीमा पार सोने की तस्करी के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है और इसी अभियान के तहत आठ और नौ अक्टूबर को पूर्वी क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियानों में लगभग 7.8 किलो विदेशी मूल का सोना जब्त किया गया। खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियानों में बानपुर सीमा क्षेत्र और त्रिपुरा को कोलकाता से जोड़ने वाले रास्ते के जरिए संचालित सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। सूत्रों ने बताया कि बरामद सोने की कीमत 11.50 करोड़ रुपये से अधिक है।

इन अभियानों में सीमावर्ती क्षेत्रों से कोलकाता की ओर तस्करी किए गए सोने के परिवहन के लिए सड़क और रेल नेटवर्क के इस्तेमाल का खुलासा हुआ। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन अभियानों से बांग्लादेश से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ पूर्वोत्तर को कोलकाता जैसे प्रमुख बाजारों से जोड़ने वाले सड़क और रेल मार्गों का इस्तेमाल तस्करी किए गए सोने की आवाजाही के लिए जारी रहने का स्पष्ट संकेत मिलता है। डीआरआई खुफिया जानकारी पर आधारित प्रवर्तन और समन्वित कार्रवाई के माध्यम से संगठित तस्करी नेटवर्क का खात्मा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रूस और यूक्रेन के बीच हो गया एनर्जी सीजफायर

### ट्रम्प की दोनों देशों से संधि न तोड़ने की अपील



**वाशिंगटन / राज न्यूज नेटवर्क**

रूस-यूक्रेन में रविवार को एनर्जी सीजफायर हो गया है। यानी कि दोनों देश अब एक-दूसरे के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर कोई हमला नहीं करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस सीजफायर का ऐलान किया है। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल नेटवर्क पर बिना ज्यादा जानकारी के लिखा, तुरंत लागू, रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में एनर्जी सीजफायर है। दोनों पक्ष सहमत हो गए हैं। उन्होंने अपील की, इसे मत तोड़ना। इससे पूर्व यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन को अब एक नए राष्ट्रपति की जरूरत है। ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की पर युद्ध को खत्म करने पर्याप्त प्रयास न करने का आरोप लगाया और अमेरिका में डीजल की बढ़ती कीमतों के लिए भी उन्हें ही जिम्मेदार ठहराया।

### यूक्रेन अपना नया नेता चुने, जो डील कर सके

टेनसी प्रांत के लिए रवाना होने से पहले व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि मेरा सुझाव है कि यूक्रेन को नया नेता चुनना चाहिए, जो डील कर सके। जेलेंस्की डील कर सकते थे, लेकिन न जाने क्यों उन्होंने ऐसा कभी नहीं किया। रूस ने ट्रंप के इस बयान का स्वागत किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आर्थिक दूत किरिल दिमित्रिव ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति ट्रम्प भी अब उन लोगों में शामिल हो गए हैं, जिनका मानना है कि यूक्रेन को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो शांति पर ध्यान केंद्रित करे, न कि जेलेंस्की की तरह युद्ध भड़काने पर। डोनाल्ड ट्रम्प का यह बयान जेलेंस्की के अमेरिका-रूस के बीच हुए डीजल समझौते की तीखी आलोचना के बाद आया है। होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले ईंधन की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए अमेरिका ने रूस से डीजल खरीदने का सौदा किया है।

## रिहाई के बाद भी नहीं थमेगा आंदोलन

### चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक सड़कों पर रहेगी कॉजपा

**नई दिल्ली/संचार जगत**

हिरासत से रिहा होने के कुछ घंटे बाद कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अपना आंदोलन जारी रखने का रविवार को संकल्प लिया और कहा कि प्रदर्शन का विस्तार अब देशभर में होगा। कॉजपा के सौरव दास ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी है और देश को अपने ही नागरिकों के खिलाफ खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित स्थल पर प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे लोगों पर पाबंदियां लगाने के बजाय अधिकारी बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित कर सकते थे। दास ने कहा कि पुलिस ने बिना किसी औपचारिक नोटिस के उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके फोन जब्त कर लिये गए और उन्हें वकील से भी संपर्क नहीं करने दिया गया। दास ने रिहाई के समय लगाई गई शर्त का उल्लेख करते हुए कहा, उन्होंने कहा है कि एक साल तक शांति भंग नहीं होनी चाहिए। शांति भंग करने का काम नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार ने किया है। दास ने कहा, प्रदर्शन जारी हैं...प्रदर्शन सिर्फ दिल्ली में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में होंगे।

**मोदी सरकार पर आपातकाल जैसे हालात बनाने का लगाया आरोप**



### कॉजपा के तीनों नेता 24 घंटे बाद रिहा

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से पहले दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिए जाने के बाद एहतियातन गिरफ्तार किए गए कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेताओं अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को रविवार सुबह कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किए जाने के बाद रिहा कर दिया गया। कॉजपा की कानूनी मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह ने बताया कि उन्हें इस शर्त पर रिहा किया गया है कि वे एक साल तक शांति भंग नहीं करेंगे। संगठन ने एक बयान में कहा, दिल्ली पुलिस द्वारा करीब 24 घंटे तक गैरकानूनी तरीके से एहतियातन हिरासत में रखे जाने के बाद दिल्ली की कार्यकारी मजिस्ट्रेट अदालत ने कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेताओं अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को रिहा कर दिया। कॉजपा ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन के मद्देनजर राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच की गई मनमानी हिरासतों की तीखी आलोचना हो रही है और उन्हें कानूनी चुनौती भी दी जा रही है।

## जिबूती के तट के पास प्रवासियों से भरी नौका पलटी

**नई दिल्ली/संचार जगत**

पूर्वी अफ्रीकी देश जिबूती के तट के पास 305 लोगों को ले जा रही एक नौका पलट गई, जिसके कारण कम से कम 109 प्रवासियों की मौत हो गई। मृतकों में 15 बच्चे भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने रविवार को यह जानकारी दी। आईओएम के अनुसार, नौका बृहस्पतिवार रात या शुक्रवार सुबह जिबूती से यमन जा रही थी, तभी वह पलट गई। इस हादसे में 52 पुरुषों, 42 महिलाओं और 15 बच्चों की मौत हुई। 80 से अधिक लोग बच गए, जबकि कम से कम 116 अन्य लोग अब भी लापता हैं। संगठन ने अपने एक बयान में कहा कि अफ्रीका के हॉर्न क्षेत्र से हर साल हजारों प्रवासी सुरक्षित ठिकानों और रोजगार के अवसरों की तलाश में जिबूती से होते हुए बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य पार कर खाड़ी देशों की ओर जाते हैं। यमन में हिंसा जारी रहने के बावजूद प्रवासियों का यह आवागमन जारी है।



**हादसे में 15 बच्चों समेत 109 लोगों की मौत**

### नवरात्रि के पहले दिन मुख्यमंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

## नारी शक्ति से उत्सव प्रदेश बना उत्तर प्रदेश : योगी आदित्यनाथ

**नई दिल्ली/संचार जगत**

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के क्षेत्र में आए बदलाव को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के स्वास्थ्य से लेकर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य तक डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी योजनाएं नारी सशक्तीकरण को नित्य नई मजबूती प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश को उपद्रव प्रदेश से उत्सव प्रदेश बनाने के साथ ही नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा प्रदान की है। 2017 से पहले जिन बेटियों के लिए घर की चौखट पार करना भी चुनौती थी, आज वही बेटियां नाइट शिफ्ट में काम करते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान कर रही हैं। योगी ने कहा कि प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स का नेतृत्व आज नारी शक्ति कर रही है। वहीं, महिला कार्यबल भागीदारी दर 12 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत से अधिक हो गई है। यह महिलाओं के बढ़ते विश्वास और उनके लिए उपलब्ध अवसरों के विस्तार का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के स्वास्थ्य से लेकर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य तक डबल इंजन सरकार की योजनाएं नारी सशक्तीकरण को निरंतर मजबूती प्रदान कर रही हैं।

**महिलाओं के हाथ में 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स का नेतृत्व**



### नारी सम्मान ही मां की सच्ची आराधना

**बलरामपुर।** यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नारी को सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन मिलेगा तो रामराज्य की स्थापना को कोई ताकत नहीं रोक सकती। मां भगवती की आराधना का वास्तविक अर्थ भी यही है कि समाज हर महिला के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हो। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में हर पांचवीं बेटी स्कूल में दाखिला लेने के बाद बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती थी। स्कूलों में शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाएं नहीं थीं। आज प्रदेश के 1.60 करोड़ बच्चों को हर साल दो यूनिफॉर्म, बैग, पुस्तकें, स्वेटर और जूते-मोजे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### नौ अक्टूबर के आदेश के कथित उल्लंघन पर अवमानना याचिका में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

## शांतिपूर्ण सभा करने वालों को अवैध हिरासत में न लें

**नई दिल्ली/संचार जगत**

उच्चतम न्यायालय ने रविवार को निर्देश दिया कि शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने वाले लोगों को अवैध रूप से हिरासत में न लिया जाए। न्यायालय ने केंद्र सरकार को उस याचिका पर नोटिस भी जारी किया, जिसमें दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के विरोध प्रदर्शन के कारण मेट्रो और ट्रेन सेवाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लगाने संबंधी न्यायालय के निर्देश के कथित उल्लंघन को लेकर अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने विशेष सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए दिल्ली मेट्रो अपनी सामान्य समय-सारिणी के अनुसार चले और इंटरनेट सेवाएं बाधित न हों।

पीठ ने कहा, नौ अक्टूबर 2026 के हमारे पिछले आदेश के उल्लंघन और 10 अक्टूबर को दिल्ली में बड़ी संख्या में लोगों को अवैध रूप से हिरासत में लिए जाने के आरोपों वाली तत्काल सुनवाई की याचिकाओं के मद्देनजर न्यायालय ने विशेष सुनवाई की। पीठ ने कहा, वरिष्ठ वकीलों ने दलील दी कि निर्देशों का खुले तौर पर उल्लंघन किया गया- मेट्रो रेल सेवा संचालित नहीं हो रही थी, नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन बंद रहे, यातायात संबंधी कोई परामर्श जारी नहीं किया गया और बड़ी संख्या में लोगों को अनुचित रूप से परेशान किया गया तथा अवैध रूप से हिरासत में लिया गया। जिन स्थानों पर यह सब हुआ, उनमें वे इलाके भी शामिल थे, जो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत जारी निषेधाज्ञा के दायरे में नहीं आते थे। उच्चतम न्यायालय ने मेहता से यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि वकीलों, पत्रकारों और अन्य लोगों को अपने पेशेवर कर्तव्यों का निर्वहन करने से न रोका जाए।

सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि 10 अक्टूबर को मेट्रो नेटवर्क के कुल 303 स्टेशन में से केवल 45 पर प्रवेश और निकास प्रतिबंधित था। सुनवाई शुरू होते ही उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह इस मामले में अदालत के निर्देशों के कथित खुले उल्लंघन को लेकर अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के अनुरोध वाली याचिका पर सभी वकीलों को अपनी दलीलें रखने का अवसर देगा। उच्चतम न्यायालय ने नेताओं की हिरासत को चुनौती देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर भी सुनवाई की।



**न्यायालय ने इंटरनेट एवं मेट्रो सेवाओं में बाधा न आने देने का दिया निर्देश**

### उच्चतम न्यायालय के निर्देश

- शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने वाले लोगों को कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना अवैध रूप से हिरासत में नहीं लिया जाए।
- दिल्ली मेट्रो और रेलवे सेवाएं सामान्य रूप से बहाल की जाएं। प्रतिबंध केवल तभी लगाए जा सकते हैं, जब वे संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत उचित ठहराए जा सकें।
- कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इंटरनेट सेवाएं बहाल की जाएं।
- यातायात नियमों के अधीन लोगों की आवाजाही निर्बाध रहे और बैरिकेड लगाने की आवश्यकता की समीक्षा की जाए।
- वकीलों, पत्रकारों और अन्य लोगों को अपने पेशेवर कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा नहीं पहुंचाई जाए।
- कानून के अनुसार शांतिपूर्ण सभाओं की अनुमति दी जाए, विशेषकर उन क्षेत्रों के बाहर जहां धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।
- प्रदर्शनकारियों को याद दिलाया गया कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण होना चाहिए और दूसरों को उकसाने वाला नहीं होना चाहिए।
- उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत मौलिक अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें लागू कराने के लिए बाध्य है।

## नेपाल के गोरखा में बूढ़ी गंडकी का कहर

**नई दिल्ली/संचार जगत**

नेपाल के गोरखा जिले में रविवार सुबह बूढ़ी गंडकी नदी में अचानक आई बाढ़ से कई मकान और पुल बह गए तथा दो जलविद्युत परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ प्रभावित इलाकों से करीब 50 लोगों को बचाया गया है, जबकि कम से कम 10 लोग लापता हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने की तत्काल सूचना नहीं है। गोरखा जिला प्रशासन कार्यालय के सहायक मुख्य जिला अधिकारी नेत्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। चुमनुबरी ग्रामीण नगरपालिका-तीन के वार्ड अध्यक्ष राम कुमार गुरुंग ने बताया कि बाढ़ से वार्ड को जोड़ने वाला एक झूला पुल भी बह गया। नेपाल में 26 अगस्त, 2026 को भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में विनाशकारी बाढ़ आने के करीब डेढ़ महीने बाद बूढ़ी गंडकी नदी में यह बाढ़ आई है।



**बाढ़ से कई मकान और पुल बहे, 10 लापता**

## परमाणु ऊर्जा में निजी कंपनियों की एंट्री

**नई दिल्ली/संचार जगत**

परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष अजीत कुमार मोहंती ने कहा कि भारत में निजी क्षेत्र से करीब 7.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आने और उसके 2047 तक देश की परमाणु ऊर्जा क्षमता को 100 गीगावाट तक पहुंचाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य में 30 गीगावाट का योगदान देने की उम्मीद है। मोहंती ने कहा कि देश में फिलहाल करीब नौ गीगावाट की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता है और 2047 तक इसे उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने की योजना है। परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव का भी दायित्व संभाल रहे मोहंती ने कहा, सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) फिलहाल 24 परमाणु संयंत्रों का संचालन करता है। हमारा मानना है कि निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी परमाणु ऊर्जा कारोबार में प्रवेश करना चाहिए और इसी वजह से नया कानून बनाया गया।

**7.5 लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद: परमाणु ऊर्जा आयोग अध्यक्ष**



### देश में अभी नौ गीगावाट क्षमता

विभाग के अधीन सरकारी उपक्रम एनपीसीआईएल फिलहाल करीब नौ गीगावाट की कुल क्षमता वाले 24 परमाणु संयंत्रों का संचालन करता है। इसके अलावा करीब 13 गीगावाट की कुल क्षमता वाले 17 अन्य संयंत्रों पर विभिन्न चरणों में काम चल रहा है। मोहंती ने कहा कि परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में पूंजी निवेश की जरूरत होती है और खर्च का एक बड़ा हिस्सा निर्माण के शुरुआती चरणों में ही करना पड़ता है।



# जेलर 2 का विदेशों में जलवा रिलीज से पहले कमाए करोड़ों

**मुंबई।** 'जेलर 2' ने एडवांस बुकिंग के जरिए दुनियाभर में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। खास बात यह है कि भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग अभी पूरी तरह से शुरू भी नहीं हुई है। 'जेलर 2' को सबसे ज्यादा फायदा उत्तरी अमेरिका, खासकर अमेरिका से मिल रहा है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात , ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में भी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। रिलीज से चार दिन पहले तक रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' ने दुनियाभर में एडवांस बुकिंग से 22.32 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। इसमें सबसे ज्यादा कमाई विदेशों से हुई है। विदेशी बाजारों से फिल्म को 17 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले हैं। घरेलू मार्केट में फिल्म ने अब तक 5.32 करोड़ रुपए कमाए हैं।

## लाइफ Style


# जाह्नवी

## नंगे पैर मां नैना देवी के दर्शन कर रखा व्रत

**नई दिल्ली/संचार जगत**

खूबसूरत वादियों से घिरा सरोवर नगरी नैनीताल इन दिनों बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी से गुलजार है। मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और रिया चक्रवर्ती अपनी आने वाली नई थ्रिलर-रोमांटिक फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग के सिलसिले में यहां डेरा डाले हुए हैं।

पहाड़ों की शांत फिजाओं, बदलते मौसम और खूबसूरत झीलों के बीच फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। दोनों अभिनेत्रियों के शहर में होने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को नवरात्रि के पहले दिन जाह्नवी कपूर पूरी तरह भक्ति भाव में डूबी नजर आईं। उन्होंने नवरात्रि का व्रत रखा और अपने होटल से करीब 150 मीटर पैदल चलकर प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर पहुंचीं। दोपहर ठीक 12:45 बजे जाह्नवी अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ बेहद सादे लिबास में पार्किंग से नंगे पैर मंदिर परिसर में दाखिल हुईं। उन्होंने मां की विधिवत आरती उतारी और विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद जाह्नवी ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और शिवलिंग पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग शहर के कई खूबसूरत कोनों में की जा रही है। जाह्नवी और रिया ने नैनीताल के बदलते मौसम, बारिश और बादलों के सुहावने माहौल के बीच फिल्म के एक खास रोमांटिक गाने के दृश्य शूट किए। 10 अक्टूबर को दोनों अभिनेत्रियों ने नैनीताल के स्विस होटल में अहम सीन फिल्माए। इसके अलावा नैनीताल से बाहर स्थित होटल 'नमः'में भी फिल्म के कुछ हिस्से कैमरे में कैद किए गए हैं।



## हॉलीवुड मसाला




### वीडियो गेम पर आधारित है
# स्ट्रीट फाइटर

लॉस एंजिल्स। विद्युत जामवाल की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' भारत में 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। अब देखना होगा कि हॉलीवुड के बड़े कलाकारों के साथ विद्युत जामवाल का एक्शन अवतार भारतीय दर्शकों को कितना पसंद आता है। जापानी-अमेरिकी डायरेक्टर किताओ सकुराई के डायरेक्शन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' इसी नाम की मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। फिल्म में नोआ सेंटिनियो केन मास्टर्स, एंड्रयू कोजी रयू और जेसन मोमोआ ब्लैंका के किरदार में नजर आएंगे।




# अमेरिकन आइडल में दिख चुके कैलिब को उम्रकैद

लॉस एंजिल्स। 'अमेरिकन आइडल' में नजर आ चुके ओहायो में रहने वाले 40 वर्षीय कैलिब फिलन को कोर्ट ने बिना पैरोल के उम्रकैद की सजा दी है। पिछले हफ्ते जूरी ने उन्हें अपनी पत्नी एश्ले फिलन की हत्या का दोषी ठहराया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, कैलिब ने फरवरी में अपने घर में हुई पत्नी की हत्या को चोरी की घटना दिखाने की कोशिश की थी। उन्होंने दावा किया था कि घर में घुसे एक चोर ने उनकी पत्नी एश्ले फिलन की हत्या कर दी। एश्ले 37 साल की थीं और स्कूल टीचर होने के साथ-साथ वॉलीबॉल कोच भी थीं। कैलिब 2013 में 'अमेरिकन आइडल' में नजर आए थे। उस दौरान उन्होंने बताया था कि उनकी पत्नी एश्ले ने उन्हें सिंगिंग कॉम्पिटिशन में अपने सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित किया था।



# अंजलि ने बयां किया बदनामी का दर्द

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा की पिछले महीने फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज हुई। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा ने माता सीता का रोल अदा किया है। फिल्म सिनेमाघरों में नहीं चल पाई। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' थिएटर्स में अता पता लापता हो गई। फिल्म की रिलीज से पहले अंजलि अरोड़ा की कास्टिंग पर भी जमकर बवाल हुआ था। सोशल मीडिया यूजर्स ने अंजलि को माता सीता के रोल में कास्ट करने पर सवाल खड़े किए थे। लोगों ने उनकी इमेज को लेकर उन्हें खूब ट्रोल भी किया था। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और आम जिंदगी में मिली बदनामी के बारे में अपना दर्द बयां करते हुए अंजलि अरोड़ा के आंसू छलक पड़े। अंजलि कहती हैं कि उनकी कास्टिंग पर सवाल उठाते हुए लोगों ने गंदी-गंदी बात कही।




# दशरथ के चरणों में राम ने झुकाया सिर

**मुंबई।** 'रामायण' में नए पोस्टर्स में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में दो दृश्यों में नजर आ रहे हैं, जिनमें उनके पिता राजा दशरथ (अरुण गोविल) भी शामिल हैं। यह जानकारी मेकर्स द्वारा लारा दत्ता को कैकेयी और शीबा चड्ढा को मंथरा के रूप में पेश किए जाने के एक दिन बाद सामने आई है। जारी किए गए पोस्टर में में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में और अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में राम के वनवास के पहले की झलक देखने को मिलती है, जहां वनवास में जाने से पहले राम अपने पिता राजा दशरथ के सामने झुककर प्रणाम करते हुए दिख रहे हैं, जबकि दूसरे में वे ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते अपने पिता की अस्थि विसर्जित करते हुए दिखाए गए हैं। पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- 'एक पिता, जो अपने वादे से बंधा है।

## टीवी मसाला



# नवरात्रि : रश्मि और तोरल ने बताया शक्ति का सही मतलब

**मुंबई।** नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति की आराधना और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रहा है। हालांकि, वर्तमान दौर की व्यस्त और प्रतिस्पर्धी जिंदगी में एक स्त्री के लिए असल 'शक्ति' के मायने बदले हैं। कभी यह शक्ति अपनी सीमाओं को तय करने के लिए मजबूती से 'ना'कहना हो सकती है, तो कभी सभी के सामने असफलता को स्वीकार करना या कभी हर दबाव में अपनी बात बेबाकी से रखना? ऐसे में छोटे पर्दे की कुछ अभिनेत्रियां बता रही हैं उनके लिए शक्ति के सही मायने। धारावाहिक 'सयोनी' में माया की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रश्मि देसाई कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब है कि अपनी बात कह पाना और अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेना। हर बार हां, कहना आवश्यक नहीं होता है। अपने करियर में मैंने कई प्रस्ताव इसलिए ठुकराए, क्योंकि कहानी या पात्र से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ। ऐसे निर्णय आसान नहीं होते। मेरे लिए एक महिला का अपनी बात कह पाना भी शक्ति है। वहीं, धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तोरल रासपुत्र कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब सिर्फ दूसरों के सामने मजबूत दिखना नहीं है, बल्कि खुद के प्रति ईमानदार रहना भी है। सही जगह पर न कहना, अपनी बात और अपनी सीमाओं को सम्मान के साथ रखना और जब जरूरत हो तो खुद के लिए खड़े होना, मेरे लिए यही असली शक्ति है।' तोरल ने कहा, 'इस शक्ति का एहसास मुझे तब हुआ जब मैंने समझा कि हर किसी को खुश करना संभव नहीं है और ऐसा करना जरूरी भी नहीं है।

## गुल्लू की टिप्पणी से आम्रपाली की बहन हुईं नाराज

**नई दिल्ली।** सलमान खान का टीवी शो 'बिग बॉस 20' इन दिनों चर्चा में है। इसमें आए दिन कुछ ना कुछ विवादित हो रहा है। ताजा मामला आम्रपाली दुबे से जुड़ा है। एक टास्क के दौरान भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे पर गुल्लू की टिप्पणी की वजह विवाद हो गया। इस पर उनके परिवार ने आलोचना की है। प्रतिभागियों के बीच विवाद तब और बढ़ गया जब गुल्लू ने आम्रपाली और लव गिल को 'मोटू-पतलू' कहा। गुल्लू की टिप्पणी पर आम्रपाली की बहन आंचल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि नेशनल टेलीविजन पर लड़ाई के दौरान बॉडी शेमिंग का इस्तेमाल करना कितना सही है। ताजा विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए, आंचल ने अपनी बहन के बारे में ऐसी बातें कहने के लिए गुल्लू और माही विज की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के लुक या शरीर की बनावट का मजाक कभी नहीं उड़ाया जाना चाहिए, चाहे झगड़ा ही क्यों न हो।



# दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म जमलोक का पोस्टर जारी

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से फिल्म निर्माण अब बॉलीवुड की फीचर फिल्मों तक पहुंच रहा है। एआई फिल्म निर्माण कंपनी कोयल और फिल्म प्रोडक्शन हाउस वेवबैंड प्रोडक्शन ने दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म 'जमलोक' बनाने के लिए हाथ मिलाया है। दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'अनकैनी इंडिया' फेस्टिवल में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया। फिल्म में एआई तकनीक और वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा। कोयल के सह-संस्थापक और सीईओ मेहुल अग्रवाल ने कहा कि यह दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म होगी. उन्होंने बताया कि फिल्म में भावनात्मक सीन्स के लिए वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि बैकग्राउंड, सेट, अतिरिक्त किरदारों, अन्य विजुअल सामग्री और कॉस्ट्यूम तैयार करने में




एआई की अहम भूमिका होगी। निर्माण के दौरान कलाकारों की शक्ल-सूरत का इस्तेमाल भी AI तकनीक के जरिए किया जाएगा। पोस्टर लॉन्च के मौके पर वेवबैंड प्रोडक्शन के अमर झुनझुनवाला और कंपनी की सह-संस्थापक शिखा करण अहलूवालिया भी मौजूद रहे। अनकैनी इंडिया' भारत में आयोजित कोयल के 'अनकैनी वैली फेस्ट' का पहला संस्करण था। इसमें फिल्म निर्माता, कंटेंट क्रिएटर, छात्र और टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़े पेशेवर शामिल हुए।

# नीता संग रणवीर ने जमकर किया गरबा, नवरात्रि के रंग में रंगे एक्टर

**'स्वदेश'** की पहली सालगिरह के मौके पर 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह ने नीता अंबानी के साथ जमकर गरबा किया। नवरात्रि की एक रात पहले हुए इसी इवेंट का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है। अंबानी परिवार ने 'स्वदेश' की पहली सालगिरह एक इवेंट के तौर पर मनाई, जिसमें कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए। इस जश्न की शाम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें नीता अंबानी अपनी बेटी ईशा और रणवीर सिंह के साथ गरबा करते दिख रही है।

**मुंबई।** दो बेटियों के सुपरस्टार पिता रणवीर सिंह 'धुरंधर 2' की रिलीज के बाद से ही बहुत कम पब्लिक में नजर आए हैं। हालांकि, शनिवार शाम 10 अक्टूबर को रणवीर मुंबई में 'स्वदेश इरोस' की पहली सालगिरह के जश्न में शामिल हुए। रिलायंस फाउंडेशन के इस खास आर्ट और क्राफ्ट स्टोर ने नवरात्रि की एक रात पहले देवी शक्ति का सम्मान करते हुए एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी मेजबानी नीता अंबानी ने की। अब इस जश्न का एक इनसाइड वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर सिंह और नीता अंबानी साथ में गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में रणवीर नवरात्रि के जश्न में जमकर गरबा करते नजर आ रहे हैं। वहीं नीता अंबानी



भी उनके साथ इस उत्सव का आनंद लेती दिखीं। उनके खुशमिजाज पलों ने फैंस का ध्यान खींचा है, क्योंकि नौ दिन तक चलने वाला यह त्योहार रविवार 11 अक्टूबर को शुरू हुआ और मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा के साथ इसका समापन होगा। दीपिका पादुकोण के साथ अपनी अपनी दूसरी बेटी का स्वागत करने वाले एक्टर रणवीर ने गुलाबी एथनिक कपड़ों में शानदार एंट्री की। उन्होंने फ्लोरल-एम्ब्रॉयडरी वाली जैकेट के साथ मैचिंग कुर्ता और व्हाइट बॉटम पहना था। उन्होंने टिंटेड सनग्लासेस और अपने सिग्नेचर डायमंड स्टड्स के साथ अपना लुक पूरा किया, जिससे उनके फेस्टिव आउटफिट को एक शाही अंदाज मिला।

## 'चलो बुलावा आया है' से 'मन तेरा मंदिर' तक

# मां दुर्गा के ये गाने जो बना देंगे त्योहार को बेहद खास

*नई दिल्ली। नवरात्रि प्रार्थना, भक्ति और उत्सव का समय है, जब भक्त मां दुर्गा की पूजा और भक्ति करते हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ, भक्ति गीत और भजन भी उत्सव में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे घरों, मंदिरों और सामुदायिक पंडालों में आध्यात्मिक माहौल बन जाता है। नरेंद्र चंचल की दमदार आवाज से लेकर सदाबहार बॉलीवुड भक्ति गीतों और पारंपरिक संस्कृत मंत्रों तक, देवी को समर्पित संगीत पीढ़ियों से नवरात्रि उत्सव का एक अहम हिस्सा रहा है। चाहे वह 'चलो बुलावा आया है' की जानी-पहचानी पुकार हो, 'अम्बे तू है जगदम्बे काली' की भक्ति-भावना हो या 'अयिगिरि नंदिनी' के जोश भरे बोल हों, ये गाने भक्तों को त्योहार की भावना से जोड़ते हैं।*

### चलो बुलावा आया है

माता की पूजा से जुड़े मशहूर भक्ति गीतों में से एक'चलो बुलावा आया है', दशकों से भक्तों का पसंदीदा रहा है। यह गाना गायक नरेंद्र चंचल ने गाया है, जिनकी दमदार और भावपूर्ण आवाज ने माता के भजनों को भक्ति-सभाओं का एक जाना-पहचाना हिस्सा बना दिया. इसके बोल देवी के दर्शन के लिए दैवीय निमंत्रण मिलने का एहसास कराते हैं, जिससे यह जागरण, मंदिर की सभाओं और त्योहार की प्रार्थनाओं के दौरान बहुत लोकप्रिय हो जाता है। कई भक्तों के लिए यह गाना भक्त और मां दुर्गा के बीच के भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है।

### हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली

हमेशा लोकप्रिय रहने वाला भक्ति गीत 'हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली' नवरात्रि उत्सव के दौरान खूब सुना जाता है। हिंदी फिल्म 'सुहाग' (1979) का यह गाना अमिताभ बच्चन और रेखा पर फिल्माया गया है और इसमें देवी की शक्ति और महिमा का गुणगान किया गया है। इसकी जोशीली धुन और यादगार मुखड़ा त्योहारों पर खूब बजाया जाता है। यह गाना उन लोगों को बहुत पसंद आता है जो नवरात्रि के दौरान क्लासिक हिंदी फिल्मी संगीत सुनना पसंद करते हैं।



### मन तेरा मंदिर

'मन तेरा मंदिर, आंखें दिया-बाती' 1978 की फिल्म 'भक्ति में शक्ति' का एक भक्ति गीत है। महेंद्र कपूर और दिलराज कौर द्वारा गाए गए इस गाने में ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समर्पण दिखाने के लिए मंदिर और जलते हुए दीपक की कल्पना की गई है। यह गाना क्लासिक हिंदी फिल्मी भजनों की सदाबहार लोकप्रियता को भी दर्शाता है, जिनमें अक्सर आसान धुनों के साथ गहरे आध्यात्मिक विषयों का मेल होता था।

### मां तेरे दरबार

*देवी के दरबार की महिमा का गुणगान करने वाले भक्ति गीत माता के भजनों की परंपरा में एक खास जगह रखते हैं। 'मां तेरे दरबार' गाना भक्तों द्वारा देवी का आशीर्वाद, सुकून और सुरक्षा पाने की भावना से जुड़ा है।*

### मैं बालक तू माता

*'मैं बालक तू माता' का भक्तिपूर्ण भाव एक भक्त और देवी के बीच के उस रिश्ते को दिखाता है, जिसमें बच्चा मां की ममता और देखभाल चाहता है। इसमें भरोसा, समर्पण और बिना शर्त प्यार का संदेश है, जो इसे नवरात्रि की प्रार्थनाओं के लिए बहुत खास है। यह गाना कई सालों से अलग-अलग भक्तिपूर्ण रूपों में गाया जाता रहा है। सुनने वाले अपनी पसंद के हिसाब से इसका पारंपरिक वर्शन या आज के समय की रिकॉर्डिंग चुन सकते हैं।*

### मैया तेरी जय-जयकार

*मां दुर्गा की जीत और महिमा का गुणगान करने वाले गाने नवरात्रि की खास पहचान हैं। 'मैया तेरी जय-जयकार' अपनी भक्तिपूर्ण स्तुति और उत्सव के माहौल के जरिए इसी भावना को दिखाता है।*

# शंघाई मास्टर्स : गेआ ने किया उलटफेर, शेल्टन को हराकर चौथे राउंड में बनाई जगह

नई दिल्ली/संचार जगत

फ्रांसीसी क्वालीफायर आर्थर गेआ ने रविवार को शंघाई मास्टर्स में अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने चौथे नंबर के बेन शेल्टन को सीधे सेटों में हराकर टॉप 10 में शामिल किसी खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत हासिल की और टूर्नामेंट के चौथे राउंड में पहुंच गए।

21 साल के इस खिलाड़ी ने अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 7-6 (3) से जीत हासिल की और साल के दूसरे सबसे बड़े एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपने शानदार सफल सीजन को आगे बढ़ाने के लिए दो करीबी टाई-ब्रेक में धैर्य दिखाया। मास्टर्स 1000 इवेंट के मेन-ड्रॉ में डेब्यू करते हुए गेआ ने इस मौके पर ज्यादा परेशान होने का कोई संकेत नहीं दिया। शुरुआती सेट में दो बार ब्रेक का फायदा गंवाने के बावजूद, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने मुकाबला टाई-ब्रेक तक पहुंचने पर अपना धैर्य बनाए रखा और इसे 7-5 से जीतकर शुरुआती बढ़त बना ली।

### गेआ ने शुरू में बनाया ब्रेक का मौका

दूसरे सेट में भी ऐसा ही तनावपूर्ण पैटर्न रहा। गेआ ने शुरू में ब्रेक का मौका बनाया, लेकिन बाद में सातवें गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। उन्होंने तुरंत शेल्टन की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, जिससे यह पक्का हो गया कि कोई भी खिलाड़ी निर्णायक बढ़त हासिल नहीं कर सका और एक और टाई-ब्रेक की जरूरत पड़ी। अंतिम सेट में गेआ ज्यादा भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने दूसरा टाई-ब्रेक 7-3 से जीतकर सीधे सेटों में जीत हासिल की और अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की।



### जुलाई में जीता था पहला एटीपी टूर टाइटल

यह नतीजा उस सीजन में एक और बड़ी कामयाबी है, जिसमें गेआ ने तेजी से खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के तौर पर स्थापित किया है, जिस पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने जुलाई में लॉस कैबोस एटीपी 250 टूर्नामेंट में अपना पहला एटीपी टूर टाइटल जीता, इससे पहले कि वह लकी लूजर के तौर पर यूएस ओपन के चौथे राउंड में अचानक पहुंच गए। न्यूयॉर्क में उनका अभियान बोटिक वैन डे जैंडशुल्प के खिलाफ पांच सेट के मुकाबले के बाद खत्म हुआ। जीत के साथ आर्थर गेआ शंघाई मास्टर्स के अंतिम 16 में पहुंच गए हैं। वह पहली बार अंतिम 16 में पहुंचे हैं। चौथे राउंड में उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो या चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी जैकब मेन्सिक से होगा।

### वुहान ओपन से बाहर हुई नोस्कोवा

वर्ल्ड नंबर 6 खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा ने बाएं पैर की पिंडली में चोट के कारण 'वुहान ओपन' से हटने की घोषणा की है। चूंकि, विंबलडन चैंपियन नोस्कोवा ने मुकाबलों का शुरुआती शेड्यूल जारी होने से पहले ही नाम वापस ले लिया, इसलिए नंबर 9 सीड बेलिंडा बेनसिक ड्रॉ की लाइन 48 पर नोस्कोवा की जगह लेंगी और उन्हें सीधे दूसरे राउंड में 'बाय' मिलेगा। इसके बाद, सीडेड होने वाली अगली उपलब्ध खिलाड़ी अन्ना कलिनस्काया ड्रॉ में लाइन 9 पर बेनसिक की जगह लेंगी और पहले राउंड में झांग शुआई का सामना करेंगी। कलिनस्काया की मूल जगह पर कल खेल शुरू होने से पहले एक 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा।



## तीसरे टी-20: सीरीज में भारत ने 2-1 की बढ़त बनाई

# अभिषेक-अर्शदीप चमके, भारत ने वेस्टइंडीज को 14 रन से हराया

**अर्शदीप 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे**

नई दिल्ली/संचार जगत

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के तेजतर्रार अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। भारत के 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम शिमरोन हेटमायर (43 रन, 26 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और कामिल पूरन (42 रन, 27 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) की उम्दा पारियों के बावजूद सात विकेट पर 209 रन ही बना सकी। शमार स्प्रिंगर (11 गेंद में नाबाद 35, चार छक्के, दो चौके) ने अंत में तूफानी पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। भारत की ओर से अर्शदीप ने 44 रन पर तीन जबकि नमन धीर ने 39 रन पर दो विकेट चटकाए। वेस्टइंडीज के मौजूदा भारत दौरे पर यह पहला मौका है जब कोई टीम लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही है। अभिषेक की 30 गेंद में पांच छक्कों और छह चौकों से 69 रन की पारी के बावजूद भारतीय टीम पारी की अंतिम गेंद पर 223 रन पर सिमट गई।




**भारत-223/10 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का पूरन बो जोसेफ | 03 |
| अभिषेक का एवं बो स्प्रिंगर | 69 |
| इशान किशन स्टं होप बो चेस | 37 |
| श्रेयस अय्यर पगबाधा बो चेस | 01 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 28 |
| नमन धीर स्प्रिंगर बो मोती | 10 |
| नितीश रेड्डी का होप बो पॉल | 21 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 20 |
| अर्शदीप पगबाधा बो स्प्रिंगर | 11 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 13 |
| मयंक यादव बो जोसेफ | 00 |
| अतिरिक्त:10 | |
| कुल 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 223 रन | |

गेंदबाजी: चेस 4-0-38-2, जोसेफ 4-0-54-2, पॉल 4-0-38-1, स्प्रिंगर 4-0-50-2, मोती 4-0-37-1

**वेस्टइंडीज-209/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शाई होप बो अर्शदीप | 05 |
| कामिल का अर्शदीप बो नमन | 42 |
| शिमरोन हेटमायर बो नमन | 43 |
| रोवमैन का किशन बो अक्षर | 05 |
| शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप | 32 |
| क्वेंटिन का तिलक बो रेड्डी | 21 |
| कीमो का तिलक बो अर्शदीप | 10 |
| शमार स्प्रिंगर नाबाद | 35 |
| रोस्टन चेस नाबाद | 05 |
| अतिरिक्त: 11 | |
| कुल:20 ओवर में सात विकेट पर 209 रन | |

गेंदबाजी: मयंक 4-0-34-0, अर्शदीप 4-0-44-3, प्रिंस 4-0-37-0, नमन 3-0-39-2, अक्षर 3-0-33-1, रेड्डी 2-0-19-1



# रणजी ट्रॉफी : पहले दिन भारत के टेस्ट बल्लेबाज फ्लॉप

## जायसवाल डक पर आउट, राहुल ने बनाए सिर्फ चार रन

मुंबई। रणजी ट्रॉफी का 11 अक्टूबर को आगाज हो गया है। देश के 18 वेन्यू पर मुकाबले खेले जा रहा है, जिसमें भारत के कई स्टार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से कुछ अनुभवी टेस्ट खिलाड़ियों की अपने-अपने मैचों में शुरुआत खराब रही। वे पहले दिन फ्लॉप रहे। मुंबई और मुलापाडु में खेले जा रहे मैचों में भारत के ओपनर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल अपनी-अपनी पारियों के शुरुआती घंटे में ही आउट हो गए। दोनों का ही बल्ला शांत रहा। वानखेड़े स्टेडियम में चंडीगढ़ के खिलाफ मुंबई के लिए ओपनिंग करते हुए जायसवाल 13 गेंदों का सामना करने के बाद भी बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि आंध्र प्रदेश के खिलाफ राहुल चार रन पर आउट हुए। इस मैच में पिछले साल की रनर-अप टीम कर्नाटक को तेज गेंदबाजों कावुरी साईतेजा और केवी शशिकांत ने शुरुआती झटके देते हुए चार विकेट चटकाए। पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के लिए 73 गेंदों पर 70 रन बनाए। मुंबई के उप-कप्तान आयुष म्हात्रे 48 रन बनाए।

### शमी की शानदार शुरुआत

*दूसरी ओर बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बार फिर दिखा दिया कि उनके अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। शमी और आकाश दीप ने दिल्ली के खिलाफ शानदार शुरुआत की और विकेट लिए और ओपनर्स को जल्दी आउट कर दिया।*

### अरुणाचल प्रदेश-नगालैंड मैच रद

*शुरुआती दौर के 18 मैच चल रहे थे, तभी अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड के बीच होने वाला 'प्लेट ग्रुप' मैच रद्द कर दिया गया। अरुणाचल एसोसिएशन में चल रहे कानूनी विवाद की वजह से अहमदाबाद में होने वाले मैच के लिए टीम नहीं बन पाई। एसोसिएशन ने 'विनू मांकड़ अंडर-19 ट्रॉफी' के लिए भी कोई टीम नहीं उतारी थी, जो गुरुवार को भुवनेश्वर में शुरू हुई थी। बीसीसीआई ने अरुणाचल के विरोधी टीम को पहले ही बता दिया है कि जब तक गुवाहाटी हाई कोर्ट की ईटानगर बेंच गुटों के बीच चल रहे विवाद पर कोई फैसला नहीं सुना देती, तब तक राज्य की यूनिट शायद कोई टीम नहीं उतार पाएगी।*

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप

# उदयवीर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता गोल्ड मेडल

नई दिल्ली



उदयवीर सिद्धू ने आईएसएसएफ राइफल/ पिस्टल विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौबीस वर्षीय उदयवीर ने फाइनल में 240.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उदयवीर ने जर्मनी के क्रिस्टियन रिट्ज (240.1) को 0.5 अंक से पछाड़ा, जिन्होंने रजत पदक जीता। इटली के पाओलो मोन्ना (219.8) ने कांस्य पदक जीता। उदयवीर ने अंतिम चरण में दबाव के बीच संयम बनाए रखा। आखिरी दो शॉट से पहले वह रिट्ज से 0.3 अंक पीछे थे लेकिन भारतीय निशानेबाज ने 10.2 और 9.8 अंक के शॉट लगाए। वहीं, रिट्ज के दोनों शॉट में 9.6 अंक के रहे, जिससे उदयवीर ने आखिरी शॉट पर जीत दर्ज की।

उदयवीर ने इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में 585 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने छह सीरीज में 99, 98, 98, 97, 97, 96 अंक जुटाए। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय निशानेबाज जोनाथन गेविन एंटनी क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। उन्होंने शीर्ष पर रहे पाओलो के समान अंक जुटाए थे।भारत के अजेंद्र सिंह चौहान (580 अंक) और सरबजोत सिंह (574 अंक) क्वालीफिकेशन में क्रमशः 14वें और 31वें स्थान पर रहे और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे कुमार योगेश ने 573 अंक जुटाए।

## खबर संक्षेप

### मेस्सी ने क्लब मैच में बिखेरी चमक



**मियामी।** अर्जेंटीना की तरफ से आखिरी मैच खेलने के बाद लियोनेल मेस्सी ने क्लब स्तर पर दो गोल करके अपनी चमक बिखेरी, जिससे इंटर मियामी ने मेजर सॉकर लीग में डीसी यूनाइटेड को 4-0 से हराया। लुई सुआरेज़ ने दो गोल किए जबकि जर्मन बर्तेरामे ने दो गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने पिछले पांच मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला तोड़ दिया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर डटे रहे। उनके अब इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में 23 गोल हो गए हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के सर्वाधिक गोल हैं।

### यूनिसेफ की 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' बनीं स्मृति

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना को यूनिसेफ इंडिया ने अपने 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' के रूप में नामित किया है।

यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर की गई, जो लड़कियों के अधिकारों, सुरक्षा, नेतृत्व और क्षमता पर ध्यान आकर्षित करता है। इसके साथ ही उन बाधाओं की भी पहचान करता है, जो उनके विकल्पों को सीमित करते हैं।

**तेंदुलकर ने किया नियुक्ति का स्वागत :** लंबे समय से दक्षिण एशिया के यूनिसेफ के क्षेत्रीय दूत के रूप में कार्य कर रहे दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मंधाना की नियुक्ति का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'स्मृति मंधाना यूनिसेफ इंडिया परिवार में आपका स्वागत है। आप मैदान पर लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैदान के बाहर आप बच्चों के अधिकारों के लिए बुलंद आवाज बनोगी।'

**हर सपना एक अवसर से शुरू: स्मृति** मंधाना ने कहा, 'यूनिसेफ इंडिया में सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में शामिल होकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं क्रिकेट खेलते हुए बड़ी हुई हूं और मुझे यह अच्छी तरह से पता है कि हर सपना एक अवसर से शुरू होता है।'



# यश-गुरजपनीत और निशांत की तिकड़ी ने पलटी हारी हुई बाजी

**भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में 49 रनों से हराया**

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत-ए ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे अनौपचारिक वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया-ए को 49 रनों से हराया। यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह और निशांत सिंधु की तिकड़ी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए भारत के लिए हारी हुई बाजी को पलटा।

भारत-ए से मिले 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए की पूरी टीम 46.2 ओवर में 226 रन बनाकर ऑलआउट हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को जोश फिलिप्स और लियाम स्कॉट ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। स्कॉट 26 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फिलिप्स 48 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 56 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे।



### भारतीय गेंदबाजों ने की जबरदस्त वापसी

ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय पर 177 के स्कोर पर 3 विकेट खोकर मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी, लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को 226 रनों पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अगले आखिरी 7 विकेट महज 49 रन जोड़कर गंवाए। यश ठाकुर और निशांत सिंधु ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि गुरजपनीत सिंह ने 56 रन देकर 3 विकेट निकाले।

### आर्या और प्रभसिमरन ने की 83 रन की साझेदारी

इससे पहले, भारत के पूरी टीम 47.3 ओवर में 275 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारत-ए को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत-ए की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 10.4 ओवर में 83 रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन ने 39 रन बनाए। प्रियांश 49 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 57 गेंदों में 33 रन बनाकर मिचेल ओवेन का शिकार बने। रजत पाटीदार सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए। निशांत सिंधु भी 5 रन ही बना पाए। सूर्यांश शेडगे और विपराज निगम ने सातवें विकेट के लिए 85 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। विपराज ने 40 रन और सूर्यांश ने अर्धशतक जमाया। ऑस्ट्रेलिया-ए की तरफ से गेंदबाजी में विल सदरलैंड और बेन इवाशुइस सबसे सफल रहे। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। लियाम स्कॉट ने 26 रन देकर 2 विकेट झटके।

## वनडे सीरीज में कीवी टीम पहनेगी विशेष जर्सी

# इंडिया-न्यूजीलैंड की 100 साल की दोस्ती का जश्न

नई दिल्ली/संचार जगत

न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के दौरान कमल के फूलों और मंडला कलाकृति वाली विशेष जर्सी पहनेगी, जो दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने का प्रतीक है।

इस जर्सी को 'कोताहितांगा' नाम दिया गया है, जो दोनों देशों के के क्रिकेट प्रेम और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका डिज़ाइन न्यूजीलैंड और भारत के साझा इतिहास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### 22 अक्टूबर से शुरू होगा न्यूजीलैंड दौरा

*भारत का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर को 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 4 नवंबर से 5 वनडे मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वनडे श्रृंखला के बाद 2 टेस्ट मैच की श्रृंखला होगी।*



### थॉमसन, नारंदास और पंचा ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि इस जर्सी को तैयार करने में कलाकार बेन थॉमसन, शिव नारंदास और जय पंचा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नारंदास और पंचा ने तीन भारतीय प्रतीकों का एकीकृत तत्वों के रूप में इस्तेमाल किया है। इनमें भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल, भारतीय वास्तुकला से जुड़ा ओगी पैटर्न और मंडला कलाकृति शामिल है।

**माओरी डिजाइन से मेल खाती मंडला कलाकृति :** मंडला कलाकृति माओरी डिजाइन प्रणालियों से मेल खाती है। थॉमसन ने पारंपरिक माओरी अमूर्त चित्रित स्क्रॉल डिजाइन और प्रतीकों (कोवाईवाई) को हेहे रेखाओं की पृष्ठभूमि पर बुना है, ताकि जीवित लोगों को दिवंगत लोगों से जोड़ा जा सके, राष्ट्रों के बीच संबंध बनाने वाले लोगों को सम्मान दिया जा सके तथा खिलाड़ियों, प्रशंसकों और पृष्ठभूमि में काम करने वाले लोगों के महत्व को दिखाया जा सके।

# रणजी ट्रॉफी में हिमाचल ने पहले दिन सात विकेट पर 153 रन बनाए

नई दिल्ली/संचार जगत

रणजी ट्रॉफी के अंतर्गत रोहतक के चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (लाहली) में हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक हिमाचल प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 153 रन बना लिए हैं। खराब रोशनी के कारण पहले दिन का खेल समय से पहले रोकना पड़ा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हिमाचल प्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही। हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए शुरुआती ओवरों में ही मेहमान टीम को दबाव में ला दिया। टीम ने मात्र 11 रन के स्कोर पर अपने शुरुआती विकेट गंवा दिए थे। मुश्किल समय में इनेश महाजन (38 रन), कप्तान पुखराज मान (29 रन) और नेहल वधेरा (16 रन) ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दिन का खेल खत्म होने तक आकाश वशिष्ठ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाकर नाबाद क्रीज पर डटे हुए हैं, और अपने अर्धशतक से मात्र 1 रन दूर हैं। उनके साथ अर्पित गुलेरिया (8 रन) खेल रहे हैं। हरियाणा की ओर से गेंदबाजी में अंशुल कंबोज सबसे सफल रहे, जिन्होंने

**हरियाणा के अंशुल ने झटके चार विकेट**



18 ओवरों में 32 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। इसके अलावा अमन कुमार और सामंत जाखड़ ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। मैच के दूसरे दिन हिमाचल की कोशिश स्कोर को आगे ले जाने की होगी, वहीं हरियाणा बाकी बचे 3 विकेट जल्दी गिराना चाहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक: Avantika Rathore के लिए। 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय: J-17, Ramesh Marg, C-Scheme, Jaipur | मोबाइल: 7568011229
ई-मेल: samacharjagat@gmail.com, RNI No. RAJHIN/2013/50694 | समाचार चयन के लिए PRB Act के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा।